भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 856
07 फरवरी, 2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

अल्जाइमर रोग

856. डॉ. मल्लू रवि:

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने भारत की स्वास्थ्य देखभाल नीतियों के लिए अल्जाइमर अनुसंधान में हालिया प्रगति के निहितार्थ कोई आकलन किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) देश में अल्जाइमर रोग की शीघ्र पहचान, निदान और उपचार में सुधार के लिए क्या मौजूदा कार्यनीतियां अपनाई गई हैं; और

(घ) न्यूरोडीजेनेरेटिव विकारों के बढ़ते बोझ को दूर करने के लिए अनुसंधान संस्थानों, स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के बीच सहयोग प्रयासों और सरकार द्वारा उठाए गए/उठाए जाने के लिए प्रस्तावित कदमों का विवरण क्या है?

<u>उत्तर</u>

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) से (घ): भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) की रिपोर्ट के अनुसार, आईसीएमआर ने सांस्कृतिक, शैक्षणिक और भाषाविद रूप से प्रासंगिक न्यूरोकॉग्निटिव टूलबॉक्स तैयार करने के लिए न्यूरोलॉजिस्ट, मनोवैज्ञानिक और स्पीच लेंग्वेंज विकृति विज्ञानी सहित विभिन्न क्षेत्रों के शोधकर्ताओं के समूह के साथ एक बहु-विषयक परियोजना शुरू की थी। यह टूलबॉक्स राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका विज्ञान संस्थान (निमहंस), बैंगलोर, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), नई दिल्ली, श्री चित्रा तिरुनल आयुर्विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान, तिरुवनंतपुरम, निजाम आयुर्विज्ञान संस्थान, हैदराबाद,

मणिपाल अस्पताल, बेंगलुरु, अपोलो ग्लेनेगल्स अस्पताल, कोलकाता से अनुसंधान समूहों के सहयोग से तैयार किया गया था।

आईसीएमआर का न्यूरोकॉग्निटिव टूलबॉक्स एक अलग टूलबॉक्स है जिसमें बोध के विभिन्न क्षेत्रों जैसे ध्यान और कार्यकारी कार्य, स्मृति, भाषा और दृश्य-स्थानिक कार्यों का आकलन करने के लिए विभिन्न बोधात्मक परीक्षण शामिल हैं। प्रश्नावलियों डिप्रेशन, कार्यक्षमता, जीवन गुणवत्ता, न्यूरोसाइकिएट्रिक लक्षणों की व्यापकता और वृद्धजनों में बोधात्मक संबंधी सूचक प्रश्नावली का आकलन करती है।

आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में, व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य परिचर्या (सी-पीएचसी) घटक के अंतर्गत, मानसिक, न्यूरोलॉजिकल ऐंड सब्सेंटस यूज़ (एमएनएस) पैकेज में अल्जाइमर रोग/डिमेंशिया की जांच, निदान और प्रबंधन की व्यवस्था हैं। मनोचिकित्सा और तंत्रिका विज्ञान विभाग, राष्ट्रीय वृद्धजन केंद्र (एनसीए) और क्षेत्रीय जराचिकित्सा केंद्र (आरजीसी) मेडिकल कॉलेजों/संस्थानों में अल्जाइमर रोग/डिमेंशिया के रोगियों के लिए सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

******